पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

**मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण कर योजनान्तर्गत 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन–पत्र प्रदान किये**

**कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा जरूरतमंदों को लखनऊ की सबसे प्राइम लोकेशन पर आवास प्रदान किये जा रहे : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में विगत साढ़े 08 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 60 लाख जरूरतमंदों को एक–एक आवास उपलब्ध कराया गया**

**प्रदेश में माफियाओं के कब्जे से मुक्त करायी गयी भूमि पर गरीबों के आवास बनाये जा रहे**

**प्रदेश सरकार विगत साढ़े 08 वर्षों से अपराध व अपराधियों तथा माफियाओं के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत अनवरत रूप से कार्य कर रही**

**प्रदेश सरकार की बेहतरीन कानून–व्यवस्था मॉडल के रूप में जानी जा रही**

**यहां आवास के सामने निर्मित 'एकता वन' लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित**

**प्रदेश सरकार प्रत्येक जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल रोजगार केन्द्रों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही, जिनके माध्यम से युवाओं का स्किल डेवलपमेण्ट कर उन्हें प्रदेश में ही योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा**

**उ0प्र0 असीमित सम्भावनाओं का प्रदेश बना, नये भारत के नये उ0प्र0 में विकास व विरासत का अद्भुत समन्वय दिखायी दे रहा**

**लखनऊ : 05 नवम्बर, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज इस पावन अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा जरूरतमंदों को लखनऊ की सबसे प्राइम लोकेशन पर आवास प्रदान किये जा रहे हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लाभार्थियों को यहां एक आवास 10.70 लाख रुपये में उपलब्ध कराया गया है। यदि यह आवास प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर हो जाते हैं, तो लाभार्थियों को यह और भी सस्ते पड़ेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में विगत साढ़े 08 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 60 लाख जरूरतमंदों को एक–एक आवास उपलब्ध कराया गया है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण तथा इस योजनान्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन–पत्र प्रदान करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री जी ने निर्मित फ्लैट्स का अवलोकन कर 'एकता वन' में पौधरोपण किया। इसके पूर्व, उन्होंने आवासीय योजना के समीप स्थित सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम स्वयं में एक संदेश प्रदान कर रहा है कि यदि कोई माफिया या अपराधी गरीबों, व्यापारियों अथवा सार्वजनिक सम्पत्ति पर कब्जा करेगा, तो उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। प्रदेश में माफियाओं के कब्जे से मुक्त करायी गयी भूमि पर गरीबों के आवास बनाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यहां निर्मित 72 आवासों के लिए 08 हजार लोगों ने आवेदन किया था। इनमें 5,700 आवेदक आवास के लिए अर्ह पाये गये। लखनऊ विकास प्राधिकरण से कहा गया है कि जरूरतमंदों को सस्ते में आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाएं, ताकि उनके जीवन तथा चेहरे पर खुशहाली आए। प्रत्येक गरीब के मन में तमन्ना होती है कि उसके पास भी अपना घर हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर उनके प्रति इससे बड़ी श्रद्धांजलि और क्या हो सकती है कि हम उनका स्मरण कर गरीबों को आवास उपलब्ध करा रहे हैं। यहां आवास के सामने निर्मित 'एकता वन' उन्हें समर्पित किया गया है। प्रदेश सरकार प्रत्येक जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल रोजगार केन्द्रों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है, जिनके माध्यम से युवाओं का स्किल डेवलपमेण्ट करते हुए, उन्हें प्रदेश में ही योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार विगत साढ़े 08 वर्षों से अपराध व अपराधियों तथा माफियाओं के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत अनवरत रूप से कार्य कर रही है। जो लोग अपराधियों व माफियाओं के प्रति सहानुभूति रखते हैं, वह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का कार्य करते हैं। अपराधिक तथा माफिया प्रवृत्ति समाज के लिए अत्यन्त घातक है। पहले प्रदेश में यह माफिया भारतीय संविधान का अपमान करते थे। कानून के साथ खिलवाड़ करते थे। उद्यमी नया निवेश करने को तैयार नहीं था। यहां दंगे होते थे। पर्व व त्योहारों पर कर्फ्यू लगते थे। अराजकता के वातावरण में बेटियां तथा व्यापारी असुरक्षित थे।

आज प्रदेश सरकार की बेहतरीन कानून–व्यवस्था मॉडल के रूप में जानी जा रही है। उत्तर प्रदेश अब असीमित सम्भावनाओं का प्रदेश बन चुका है। दुनिया का हर बड़ा उद्यमी प्रदेश में निवेश करने को तैयार है। विगत साढ़े 08 वर्षों में प्रदेश में लगभग 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतारे जा चुके हैं। 05 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव ग्राउण्ड ब्रेकिंग के लिए पाइपलाइन में हैं। इन निवेश प्रस्तावों के माध्यम से यहां के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नये भारत के नये उत्तर प्रदेश में विकास व विरासत का अद्भुत समन्वय दिखायी दे रहा है। यहां युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। अन्नदाता किसानों का सम्मान किया जा रहा है। व्यापारियों के उत्थान के लिए अनेक नीतियां तैयार की गयी हैं। प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक तबके के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर नदियों व सरोवरों में श्रद्धालु जन स्नान कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। काशी में सायंकाल देव–दीपावली का आयोजन किया जाएगा। ऐसा माना जाता है कि आज के दिन सभी देवी–देवता काशी में देव दीपावली मनाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। लाभार्थियों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी आवास आवंटन प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद श्री दिनेश शर्मा एवं श्री बृजलाल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सांसद श्री संजय सेठ, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, विधायक श्री नीरज बोरा, श्री ओ0पी0 श्रीवास्तव, श्री योगेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य श्री मुकेश शर्मा, इं0 अवनीश कुमार सिंह, डॉ0 लालजी प्रसाद निर्मल, श्री रामचन्द्र प्रधान, श्री पवन सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

————————